## खबर संक्षेप

### भंडारे से लौट रहे युवक को बस ने कुचला, मौत

**भोपाल।** भोपाल के एमपी नगर में भंडारा खाकर लौट रहे युवक को बस ने कुचल दिया। हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी बस चालक मौके से फरार हो गया। घटना शुक्रवार की रात करीब 10 बजे की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक भीम ठाकुर पुत्र रमेश ठाकुर (26) निवासी गौ शाला एमपी नगर कबाड़ा खरीदने का काम करता था। गायत्री मंदिर में खाना खाने के बाद घर लौट रहा था। मंदिर के सामने स्थित मुख्य मार्ग को पार करते समय उसे एक यात्री बस ने टक्कर मार दी। इसके बाद आरोपी चालक बस सहित फरार हो गया। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार को पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### खेलते-खेलते बालकनी से गिरी 17 माह की मासूम, मौत

**भोपाल।** अशोका गार्डन और पिपलानी इलाके में अलग-अलग हादसों में 17 माह की मासूम और 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मासूम बालकनी से गिरने और महिला बाइक से गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल हुई थीं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अशोका गार्डन पुलिस के अनुसार 17 माह की मासूम रोशनी गिरी तुलसी नगर हिनौतिया में अपने परिवार के साथ रहती थी। पिता प्राइवेट नौकरी करते हैं और मां गृहिणी हैं। परिवार इमारत की दूसरी मंजिल पर किराए से रहता है। 18 मार्च को पिता ड्यूटी पर गए हुए थे। दोपहर के समय मां किचन में काम कर रही थी, तभी रोशनी खेलते-खेलते बालकनी में पहुंच गई। बालकनी की रेलिंग छोटी होने के कारण वह नीचे गिर गई। मासूम को गंभीर हालत में एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### एमपी में मजबूत सिस्टम एक्टिव, गर्मी के बीच आंधी-बारिश का दौर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। प्रदेश में दूसरा मजबूत वेदर सिस्टम एक्टिव हो गया है, जिसके चलते कई जिलों में आंधी, बारिश और गरज-चमक का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम का यही बदला हुआ मिजाज बना रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन के साथ ट्रफ लाइन सक्रिय है। इसके अलावा अन्य मौसमी सिस्टम भी एक साथ काम कर रहे हैं। इन सिस्टम्स के प्रभाव से वातावरण में नमी बढ़ गई है, जिससे मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन में तेज धूप और गर्मी के बाद शाम होते-होते कई जगहों पर मौसम बदल रहा है और आंधी के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस पूरे सिस्टम का असर 30 मार्च को और ज्यादा बढ़ सकता है। इस दिन प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### विधायक मीणा ने दिलाई नरवाई न जलाने की शपथ

**विदिशा।** शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने आज ग्राम गुरोद में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना कर कार्यों का शुभारंभ किया और क्षेत्र के विकास को नई गति देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान विधायक मीणा ने उपस्थित ग्रामीणों को नरवाई (फसल अवशेष) नहीं जलाने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है, भूमि की उर्वरता घटती है और वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है।

# भोपाल में बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रही गैस, दर-दर भटक रहे लोग

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**



राजधानी भोपाल में एलपीजी सिलिंडर को लेकर परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक तरफ सरकार सप्लाई सामान्य होने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर शहर की गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की भीड़ और शिकायतों का सिलसिला जारी है। लोगों का कहना है कि समय पर बुकिंग नहीं हो रही, सिलिंडर डिलीवरी नहीं मिल रही और कई मामलों में गड़बड़ी के आरोप भी सामने आ रहे हैं।

### डिलीवरी का मैसेज, लेकिन सिलिंडर नहीं

जाटखेड़ी से आई गीता पाल ने बताया कि उनका उज्ज्वला योजना का कनेक्शन बिना जानकारी के जवाहर चौक एजेंसी में ट्रांसफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें मैसेज मिला कि सिलिंडर डिलीवर हो गया, जबकि उन्होंने महीनों से सिलिंडर लिया ही नहीं। उनका आरोप है कि उनका सिलिंडर किसी और को दे दिया गया और अब एजेंसी के चक्कर लगाने के बावजूद समाधान नहीं मिल रहा।

### बुकिंग के बाद भी हज्जक्क नहीं, लकड़ी पर खाना

मोहम्मद राशिद ने बताया कि उन्होंने 13 मार्च को सिलिंडर बुक किया था, लेकिन अब तक डिलीवरी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बार-बार बुकिंग करने की कोशिश के बावजूद हज्ञक्क नहीं आ रहा। घर में सिलिंडर खत्म हो चुका है और अब लकड़ी जलाकर खाना बनाना पड़ रहा है।

### महीना पूरा, फिर भी बुकिंग नहीं

मंगल सिंह राठौड़ ने बताया कि पिछले महीने 23 तारीख को सिलिंडर मिला था। अब दोबारा बुकिंग की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बुकिंग ही नहीं हो पा रही। उन्होंने कहा कि एजेंसी अलग-अलग नंबर से बुकिंग करने को कह रही है, लेकिन फिर भी कोई समाधान नहीं मिल रहा। घर में गैस खत्म हो चुकी है। बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रहा सिलिंडर बाणगंगा निवासी रतिपाल ने बताया कि उन्होंने सिलिंडर बुक किया था, लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी डिलीवरी नहीं हुई। एजेंसी पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि अब अगले महीने ही सिलिंडर मिलेगा। उनका आरोप है कि बुकिंग दर्ज होने के बावजूद सिलिंडर नहीं दिया जा रहा और उसे ब्लैक में बेचा जा रहा है।

### एजेंसी का दावा: सब सामान्य

जवाहर चौक स्थित गैस एजेंसी के मैनेजर ने कहा कि सभी उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जा रही है। हालांकि उन्होंने यह माना कि कुछ लोगों को हज्ञक्क नहीं मिलने की समस्या आ रही है। ब्लैक में बिक्री के आरोपों पर उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और अपना नाम बताने से भी परहेज किया। भोपाल में सामने आ रही शिकायतें यह बताती हैं कि गैस सप्लाई को लेकर जमीनी स्तर पर अभी भी समस्याएं बनी हुई हैं।

## रामभक्ति से सराबोर होगा सेंचुरियन स्काई परिसर

# रामचरितमानस, हवन और भंडारे के साथ मनेगा पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव



**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

राजधानी के कटारा हिल्स स्थित सेंचुरियन स्काई परिसर में विराजमान श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में 1 और 2 अप्रैल को मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव एवं हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। दो दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में रामभक्तों के लिए रामचरितमानस पाठ, हवन-पूजन, भंडारा और महाआरती जैसे कई आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ 1 अप्रैल को प्रातः 9 बजे श्री रामचरितमानस पाठ से होगा। भक्तजन भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबकर मानस की चौपाइयों और दोहों का श्रवण करेंगे। 2 अप्रैल को प्रातः 10 बजे रामचरितमानस पाठ का समापन किया जाएगा, जिसके पश्चात प्रातः 11 बजे विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न होगा। हवन में क्षेत्र के श्रद्धालु परिवारों की सहभागिता रहेगी और विश्व शांति व कल्याण की कामना की जाएगी। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद सायं 4 बजे से प्रसाद वितरण (भंडारा) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम का समापन रात्रि 8:30 बजे भव्य महाआरती के साथ होगा, जिसमें पंचमुखी हनुमान जी महाराज की आराधना कर भक्तगण आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से अपील की है कि वे सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस पुण्य अवसर का लाभ लें और आयोजन को सफल बनाएं।

# भोपाल में युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन 30 मार्च से

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**




मध्यप्रदेश विधानसभा में सोमवार से दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन की शुरुआत हो रही है। 30 और 31 मार्च तक चलने वाले इस आयोजन में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के कुल 55 युवा विधायक भाग ले रहे हैं। राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र-6) के अंतर्गत आयोजित इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश के 18, छत्तीसगढ़ के 15 और राजस्थान के 22 विधायक शामिल हो रहे हैं। यह मंच युवा जनप्रतिनिधियों को लोकतंत्र और विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श का अवसर देगा। सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति रहेगी। पहले दिन 'लोकतंत्र और नागरिक भागीदारी को मजबूत करने में युवा विधायकों की भूमिका' विषय पर चर्चा होगी। इस सत्र में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी भी अपने विचार रखेंगे।

### दूसरे दिन विकसित भारत पर मंथन

सम्मेलन के दूसरे दिन 'विकसित भारत 2047: युवा विधायकों के दायित्व और चुनौतियां' विषय पर चर्चा होगी। इस दौरान विभिन्न सत्रों में नीति, विकास और नेतृत्व से जुड़े मुद्दों पर विचार साझा किए जाएंगे। एमआईटी पुणे के चेयरमैन डॉ. राहुल वी. कराड भी सम्मेलन को संबोधित करेंगे और युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखेंगे। समापन में राज्यसभा उपसभापति होंगे मुख्य अतिथि 31 मार्च को आयोजित समापन समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### युवा नेतृत्व को मिलेगा नया मंच

यह सम्मेलन युवा विधायकों को न केवल अपने अनुभव साझा करने का अवसर देगा, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और भविष्य के भारत के निर्माण में उनकी भूमिका तय करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगा।

## ममता की छांव और उम्मीद की नई किरण

# श्रीमती अनामिका जैन के सेवा संकल्प की अनकही दास्तान

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**




समाज में अक्सर जिन्हें हम विक्षिप्त कहकर अनदेखा कर देते हैं, उनके पीछे छिपी पीड़ा और खोई हुई पहचान को वापस लौटाने का बीड़ा मंदसौर की एक बेटी ने उठाया है। संजीत (मंदसौर) की रहने वाली श्रीमती अनामिका जैन आज उन बेसहारा महिलाओं के लिए मसीहा बन चुकी हैं, जिनका अपना कोई ठिकाना नहीं था। बदलाव का यह सफर एक छोटे से विचार से शुरू हुआ। अनामिका का सेवा का सफर 17-18 साल पहले उनके पिता के साथ शुरू हुआ था। मास्टर ऑफ सोशल वर्क की पढ़ाई कर चुकीं अनामिका ने जब समाज के सबसे उपेक्षित तबके निराश्रित और विक्षिप्त महिलाओं की स्थिति देखी, तो उनका मन पसीज गया। शुरुआत में वे सात वर्षों तक इन महिलाओं की देखरेख कर उन्हें इंदौर या उज्जैन के अनाथालयों में भेजती थीं। लेकिन कई बार जगह की कमी के कारण जब उन्हें वहां से वापस लौटा दिया जाता, तो वह बेबसी अनामिका को सोने नहीं देती थी। इसी पीड़ा ने अनामिका जनकल्याण सेवा समिति विक्षिप्त आश्रय गृह की नींव रखी।

### रेवास देवड़ा रोड पर बना अपना घर

वर्ष 2018 में प्रशासन के सहयोग से उन्होंने एक शासकीय भवन (500 क्वार्टर, रेवास देवड़ा रोड) में इस आश्रय गृह की स्थापना की। यह मध्य प्रदेश का ऐसा पहला आश्रम बना, जो न केवल महिलाओं को छत देता है, बल्कि उनके पुनर्वास पर केंद्रित है। इन महिलाओं को दवा से ज्यादा एक परिवार और प्यार की जरूरत होती है। अनामिका जैन कहती हैं कि उनके आश्रम में त्यौहार केवल रस्म नहीं, बल्कि खुशियों का संगम होते हैं, जहाँ इन महिलाओं को पूरी तरह पारिवारिक माहौल दिया जाता है।

### तकनीक और ममता का मेल: गूगल से मिलाते हैं बिछड़े परिवार

अनामिका जैन का कार्य केवल आश्रय देने तक सीमित नहीं है। पुलिस विभाग द्वारा लाई गई महिलाओं का वे इलाज करवाती हैं और उनकी याददाश्त वापस लाने के लिए खेल-खेल में गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। अब तक 54 महिलाओं को ठीक कर उनके अपनों से मिलवाया जा चुका है। वहीं उनकी टीम गूगल मैप्स और ऑनलाइन माध्यमों से उन महिलाओं के पते ढूंढती है जो वर्षों से अपने घर का रास्ता भूल चुकी थीं।

# भोपाल में महिला से इंस्टाग्राम फ्रेंड ने किया रेप

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

भोपाल के मंगलवारा इलाके महिला के साथ इंस्टा फ्रेंड ने रेप किया। आरोपी ने पीड़िता को मिलने के बहाने बुलाया और होटल ले गया। जहां उसने महिला को करीब तीन घंटे तक बंधक बनाए रखा। घटना शुक्रवार की रात करीब 11:30 बजे की है। तब पीड़िता अस्पताल में भर्ती एक रिश्तेदार की तबीयत देखकर लौट रही थी। महिला के पति और परिजनों ने पहले गैंग रेप के आरोप लगाए थे। पीड़िता के बयानों में गैंग रेप की पुष्टि नहीं हुई। जिसके बाद पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। जल्द उसकी गिरफ्तारी करने के दावे पुलिस कर रही है। 29 वर्षीय महिला थाना टीला जमालपुर इलाके में रहती है। उसके करीबी रिश्तेदार की तबीयत खराब है, जिसे भोपाल के मालीपुरा स्थित चिरायु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला शुक्रवार की रात करीब 11:30 बजे अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देखकर घर के लिए लौट रही थी। रास्ते में उसके इंस्टाग्राम फ्रेंड हारिस खान का कॉल आया। हारिस ने महिला पर तत्काल मिलने के लिए दबाव बनाया नहीं मिलने की हालत में उसे बदनाम करने की धमकी दी। तब पीड़िता ने आरोपी को बताया कि मनोहर डेयरी के पीछे से गुजर रही है।

### पति की हत्या की धमकी देकर किया रेप

आरोपी ने वहीं रुकने का कहा और 2 मिनट बात करने के बाद लौट जाने की बात कही। तभी मनोहर डेयरी के पिछले हिस्से में हमीदिया रोड के पास आरोपी से मिली। जहां आरोपी ने पति की हत्या करने की धमकी दी। पीड़िता के ही वहान पर उसे जबरन बैठा कर हमीदिया रोड के एक होटल ले गया। जहां उसने महिला के साथ रेप किया। करीब 2 घंटे तक होटल रूम में ही महिला को बंधक बनाए रखा। इस बीच परिजन लगातार महिला को कॉल करते रहे। कई कॉल करने के बाद भी जब महिला ने फोन नहीं उठाया तो उसकी तलाश शुरू की गई। इसी बीच रात करीब 2:30 बजे महिला अपने घर लौट आई। ससुराल में लौट के बाद महिला ने अपने पति और सास ससुर को आप बीती सुनाई। इसके बाद परिजन पहले उसे हनुमानगंज थाने लेकर पहुंचे, हनुमानगंज थाना पुलिस में घटनास्थल मंगलवार थाना का होना पाया गया। तब परिजन मंगलवार थाने पहुंचे और फिर दर्ज करा दी। मंगलवारा थाने पहुंचे परिजनों ने पुलिस को बताया कि पीड़ित महिला के साथ गैंगरेप किया गया है।

# खिलचीपुर अभिभाषक संघ चुनाव में विनय हुरकुटे अध्यक्ष बने

**पीपुल्स प्रवक्ता, राजगढ़।**



राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में शनिवार को अभिभाषक संघ के दो वर्षीय चुनाव संपन्न हुए। इस बार अध्यक्ष पद को छोड़कर अन्य सभी पदों पर आम सहमति बन जाने के कारण केवल अध्यक्ष पद के लिए मतदान कराया गया।

अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट एम.एल. गुप्ता और एडवोकेट विनय हुरकुटे मैदान में थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट संदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 11 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें बैलेट पेपर के माध्यम से कुल 59 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान प्रक्रिया दोपहर 3 बजे तक चली। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना की गई, जिसमें एडवोकेट विनय हुरकुटे को 34 मत प्राप्त हुए, जबकि एडवोकेट एम.एल. गुप्ता को 25 मत मिले। इस तरह एडवोकेट विनय हुरकुटे ने 9 मतों के अंतर से जीत हासिल कर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। वहीं अन्य पदों पर सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ। उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट राम बाबू धाकड़, सचिव पद पर एडवोकेट राम सिंह मंडलोई, कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट कल्पना सिंह, सहसचिव पद पर एडवोकेट सुरेंद्र सिंह खींची तथा पुस्तकालय प्रभारी पद पर एडवोकेट चर्चित साहू निर्विरोध निर्वाचित हुए। परिणाम घोषित होने के बाद न्यायालय परिसर में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। सभी अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को साफा बांधकर, फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर न्यायाधीश महोदय ने भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संघ के सफल संचालन की कामना की।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, असलम परवेज़ खान पुत्र फ़ज़ल नबी खान, आयु लगभग 65 वर्ष, निवासीः फ्लेट नबंर 303, अंसल लेक व्यू इंक्लेव, श्यामला हिल्स, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश। यह कि मेरा छोटा पुत्र आतिफ नबी खान, मेरे साथ निवास नहीं करता है और शादी के बाद, हम सब परिजनों से लड़-झगड़कर, मेरे घर से अलग हो गया है तथा अपनी पत्नी के साथ पृथक निवास करता है और स्वयं अपनी जीवनी कमाता है और खुद ही अपना तथा अपनी पत्नी का भरण-पोषण करने में समर्थ है और किसी भी तरह से हम पर आश्रित नहीं है। यह कि मेरा छोटा पुत्र-आतिफ और उसकी पत्नी पूर्व से ही हम लोगों से लड़ाई झगड़ा करती आ रही है और वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न करती रहती है इसी कारण से मैं अपने छोटे पुत्र-आतिफ से बहुत दुखी हूँ और आज दिनांक को मैं उसे अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ और आज दिनांक से मेरे छोटे पुत्र-आतिफ नबी खान, का मुझसे या मेरे परिवार से कोई रिश्ता नहीं है और मेरे सभी चल या अचल संपत्ति में उसका कोई हक़ व हिस्सा नहीं है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेंन-देन, वाद विवाद या किसी भी अवैध कार्य के लिए में या मेरा परिवार ज़िम्मेदार नहीं होगा। जो भी व्यक्ति उसके साथ लेंन-देन करेगा वह स्वयं ज़िम्मेदार होगा।

HIMANSHU PATIDAR
ADVOCATE
BA., LL.B. (Hons.), LL.M.
Whimanshupat
dar156@gmail.com
Mob.-7771936505
Add.-Tulsi market, Infront of Sagar Pearl Hoshangabad Road, BHOP, 462047 (MP)


# टीईटी समेत तीन मांगों के लिए बनेगा संयुक्त मोर्चा

## एमपी के 1.5 लाख शिक्षक सामूहिक बैठक में बनाएंगे आंदोलन की योजना

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**



मध्य प्रदेश में टीईटी को लेकर विवाद बढ़ता नजर आ रहा है। पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर टीचर्स विरोध का रास्ता अपनाने की तैयारी में है। वे इसके लिए रणनीति बना रहे हैं। कल यानी 29 मार्च को प्रदेश भर के शिक्षकों की सामूहिक मीटिंग होने जा रही हैं। दरअसल, लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेश अनुसार ऐसे शिक्षक जिनकी सेवानिवृत्ति में अभी 5 साल से ज्यादा समय बचा है, उन्हें अनिवार्य रूप से टीईटी परीक्षा देनी होगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने यह कदम सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर उठाया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित शिक्षकों को आदेश जारी होने की तारीख से दो साल के भीतर टीईटी परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा। अगर कोई शिक्षक तय समय सीमा में टीईटी पास नहीं करता है तो उसे सेवा से हटाया जा सकता है। लोक शिक्षण संचालनालय ने 9 मार्च को सभी जिलों से ऐसे प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों की जानकारी मांगी है, जिन्होंने टीईटी परीक्षा पास नहीं की है। इसको लेकर जारी नए आदेश के अनुसार, यह जानकारी 31 मार्च तक देने के निर्देश दिए गए हैं। यही विवाद का कारण बना हुआ है, क्योंकि इस दायरे में वे शिक्षक भी आ रहे हैं, जो 2005 और 2008 की भर्ती प्रक्रिया के तहत नियुक्त हुए थे और उस समय लागू नियमों के अनुसार पात्र थे। अब नए नियम लागू होने की आशंका ने पूरे शिक्षा तंत्र में असंतोष पैदा कर दिया है। शासकीय शिक्षक संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कौशल ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर 29 मार्च को सभी शिक्षक संगठनों की संयुक्त बैठक बुलाई है। इस बैठक में संयुक्त शिक्षक मोर्चा बनाया जाएगा और आगे की रणनीति तय की जाएगी। टीईटी के अलावा शिक्षक एप से अटेंडेंस और सेवा वृद्धि जैसे मुद्दे भी प्रमुख रहेंगे। इस बैठक में ही शिक्षक आगे आंदोलन का प्लान तैयार करेंगे। संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र कौशल ने बताया आरटीई एक्ट 2009 साल 2010 से लागू हुआ।


## न्यायालय तहसीलदार वृत्त-01, तहसील-हुज़ूर, जिला भोपाल

**प्रकरण क्रमांक 7269/अ-6/24-25**
**मौजा-जगदीशपुर तहसील हुज़ूर, भोपाल**

**उद्घोषणा पत्र**

1-एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वाजिद आ. स्व. श्री इस्माइल खान निवासी-मकान नं. 45 इस्लाम नगर बेरसिया रोड भोपाल (म.प्र.) द्वारा ग्राम जगदीशपुर तहसील हुज़ूर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 669 रकबा 0.6030 हे. एंव खसरा क्रमांक 672 रकबा 3.6090 हे. भूमि का फौती नामातंरण सभी वारिसों के हक के आधार पर राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 02/04/2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

3-उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक / / 2026 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील-हुज़ूर भोपाल**



## कार्यालय नगर परिषद् खिलचीपुर जिला राजगढ़ म.प्र.

Email Add-cmonpkhp@gmail.com

क्रमांक/736/2026 खिलचीपुर, दिनांक-26/03/26

**दावा आपत्ति प्राप्त हेतु आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र खिलचीपुर वार्ड क्र. 01 से 15 तक मे म.प्र.शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देश अनुसार प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों के दस्तावेजों का मौके पर सत्यापन किये जाने के उपरांत पात्र/अपात्र हितग्राहियों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने सहित दावे आपत्ति हो तो दिनांक 6/4/2026 को समय 5.00 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, निर्धारित समयावधि उपरांत किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण की जाने वाले हितग्राहियों की सूची नगर परिषद खिलचीपुर एवं प्रधानमंत्री आवास योजना निकाय सूचना पटल पर आम चस्पा की गई है जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि मे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद खिलचीपुर जिला राजगढ़ (म.प्र.)**